# आईएएस अधिकारी निधि पटेल की छवि खराब करने वाले ऊना पुलिस कर्मचारियों को किया जाए निलंबित

## मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**
लाडली फ ाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को उपायुक्त जिला बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के माध्यम से ज्ञापन पत्र प्रेषित किया। ज्ञापन में मांग की गई कि जिला ऊना में बुलेट (मोटरसाइकिल) की एनओसी ट्रांसफ र मामले में जिला ऊना की अदालत द्वारा एक व्यक्ति राजीव सिंह के विरुद्ध केस दर्ज करने का आदेश दिया गया था। जबकि एसएचओ ऊना व अन्य



पुलिसकर्मियों द्वारा कोर्ट की आदेशों की अवहेलना करते हुए तत्कालीन एसडीएम ऊना एवं वर्तमान में बतौर अतिरिक्त उपायुक्त जिला बिलासपुर निधि पटेल (आईएएस) को बेवजह एवं गलत मंशा से इस केस में जोडकर केस दर्ज किया गया। डीएसपी हेड क्वार्टर ऊना व अन्य पुलिसकर्मियों ने मीडिया को गलत जानकारी दी जिसकी वजह से जुझारू एवं कर्मठ महिला आईएएस अधिकारी निधि पटेल की छवि को पूरे प्रदेश व देश में प्रेस मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से खराब करने का प्रयास किया गया। जिसका पूरा हिमाचल प्रदेश घोर निंदा करता है तथा उपरोक्त पुलिस कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग की जाती है, जिन्होंने जानबूझकर महिला आईएएस अधिकारी को मानसिक प्रताड़ित एवं बदनाम करने की कोशिश की। ऐसे में कोई भी महिला अधिकारी हिमाचल में काम नहीं कर पाएगा अगर ऐसे पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो, गौरतलब है कि इस मामले में डीसी उना राघव शर्मा ने भी जांच रिपोर्ट तलब की और जानकारी ली और पुलिस के उच्च अधिकारियों ने भी इस मामले को लेकर कोर्ट के जो आर्डर हुए उसके बाद जानकारी दी गई। उस पर तफ्तीश की गई और पाया कि तत्कालीन एसडीएम ऊना वर्तमान में डीसी बिलासपुर निधि पटेल (आईएएस) के बारे में गलत जानकारी केस दर्ज करने को लेकर पुलिस द्वारा दी गई थी और डीसी राघव शर्मा के समक्ष पुलिस ने अपनी गलती स्वीकार की है।

# प्रथम मुख्यमंत्री डा. परमार को किया याद



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश अपने प्रथम मुख्यमंत्री डा. वाईएस परमार को याद कर रहा है। गांधी भवन मंडी में भी कांग्रेस पार्टी ने डॉ. वाईएस परमार की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री चेतराम ठाकुर ने कहा कि डा. परमार ऐसी शख्सीयत थे, जिन्होंने प्रदेश का इतिहास ही नहीं भूगोल भी बदल कर रख दिया था। जिसका जीता जागता प्रमाण पूर्ण राज्य के रूप में प्रदेशवासियों के सामने है। जिसमें प्रदेश की सीमाओं को और बड़ा कर दिया था, जबकि प्रदेश को पंजाब में मिलाने की पुरजोर बात चल रही थी। अगर ऐसा न होता तो आज हम हिमाचली नहीं, पंजाबी कहला रहे होते। आज हर कोई यह बात कह रहा है, डा. परमार न होते तो हिमाचल, हिमाचल न होता। चेतराम ठाकुर ने कहा कि डॉ. वाईएस परमार 1956 में संसद सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। 1963 में दोबारा प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। 24 जनवरी, 1977 को उन्होंने मुख्यमंत्री पद से त्याग पत्र दे दिया।
इसके चार वर्ष पश्चात 2 मई, 1981 को हिमाचल के सिरमौर डॉ. परमार ने दुनिया को अलविदा कह दिया।उन्होंने कहा कि आज समस्त कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली हैं।

## स्कूल प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला(बाल) घुमारवीं में स्कूल प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार को होना तय हुआ है। इस बात की जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति की पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है, जिसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। इसके लिए उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वह सोमवार को स्कूल परिसर में दोपहर 1 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं ताकि नए कार्यकारिणी का गठन किया जा सके।

# बेलगाम वाहनों चालकों के खिलाफ सड़कों पर उतरा सुंदरनगर प्रशासन और पुलिस

**8 मंडी जिला में एनएच-21 चंडीगढ़-मनाली पर प्रशासन और पुलिस ने चलाया विशेष संयुक्त अभियान**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ रहे वाहन दुर्घटनाओं के मामलों ने सरकार की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसको लेकर अब प्रशासन और पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान के माध्यम से मोटर व्हीकल कानूनों की उलंघना करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई अमल लाई जा रही है। ताजा घटनाक्रम में मंडी जिला से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-21 चंडीगढ़-मनाली पर सुंदरनगर प्रशासन और पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान एसडीएम सुंदरनगर गिरीश सुमरा, पुलिस थाना टीम, ट्रैफिक पुलिस और हाईवे पुलिस ने वाहनों के चालान काटे गए।



प्रशासन और पुलिस द्वारा अवैध खनन को लेकर भी टिप्पर और ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को मोटर व्हीकल कानूनों को लेकर भी जागरूक किया गया और नियमों के मुताबिक वाहन चलाने की अपील की गई। संयुक्त अभियान के दौरान स्कूल और अन्य बसों को भी चेक किया गया। वाहनों में ओवरलोडिंगए बिना वर्दी टैक्सी चलाना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना सहित अन्य नियमों की उलंघना पर 20 वाहनों के चालान काटे गए। इसके अलावा अवैध खनन के तहत भी चालान काटे गए। जानकारी देते हुए पुलिस थाना सुंदरनगर टीम के इंचार्ज मनोज ठाकुर ने कहा कि एसडीएम सुंदरनगर के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-21 चंडीगढ़ मनाली पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान वाहनों द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों की उलंघना करने पर उनके चालान काटे गए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को लेकर भी वाहनों के चालान काटे गए हैं। मनोज ठाकुर ने वाहन चालकों से अपील की है कि मोटर वाहन अधिनियम के नियमों को ध्यान में रखकर वाहनों को चलाएं। इससे दुर्घटनाओं की तादाद में कमी आएगी और वाहन चालक अपनी सुरक्षा भी कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 13 व 14 मई को होगी जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**पंजीकरण करवाने की आखिरी तारीख 10 मई**

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
हमीरपुर जिला एथलेटिक एसोसिएशन की वार्षिक प्रतियोगिता 13 व 14 मई को डिग्री कॉलेज हमीरपुर के खेल मैदान में होगी। जिला एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव संदीप डडवाल ने पत्रकारों को जानकारी दी कि एसोसिएशन की वार्षिक बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष पंकज भारतीय की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें दो दिवसीय प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया 13 मई को लडके और लड़कियों के अंडर 14, 16,18,20 और पुरुष व महिला वर्ग की ओपन कैटेगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 14 मई को देश की भावी पीढ़ी को तैयार करने के क्रम में अंडर 8,10 और 12 इस श्रेणी में बाल खिलाडि?ों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।13 मई को होने वाली, दौड़ो में 60 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 300 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1000 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर और 5000 मीटर की दौड़ अलग-अलग श्रेणी में आयोजित होंगी। इसके अतिरिक्त श्रेणी विशेष में मिक्स रिले का भी आयोजन किया जाएगा। अंडर 8 से 12 समूह में 20 मीटर, 30 मीटर, 40 मीटर, 60 मीटर, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पंजीकरण करवाने की आखिरी तारीख 10 मई होगी, पंजीकरण पूरी तरह ऑनलाइन होगा और इसका रजिस्ट्रेशन लिंक है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश एथलेटिक्स के वरिष्ठ कोच भूपेंद्र सिंह, कोच केहर सिंह पटियाल, सूरज ठाकुर, नेहा कुमारी और रिशु ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### आंज भोज में सडको और रेस्टहाउस के निरीक्षण विभाग के आला अधिकारी पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उपमंडल के गिरिपार क्षेत्र में आंजभोज की सडकों की दुर्दशा को जांचने के लिये आज लोक निर्माण विभाग के एससी एव केव शर्मा, एक्सन एनवकेव वर्मा एवं एसडीओ योगेश ने आज दौरा किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के लोगों से रेस्ट हाउस में मुलाकात की। इस मुलाकात में लोगों सडकों के अलावा रेस्ट हाऊस संबंधित समस्याओं के बारे में विभाग को अवगत कराया। लोगों ने बताया कि पुरुवाला से लेकर अम्बोया, राजपुर, नघेता, बनोर, टॉरुं भैला, टॉरुं डण्डा आंज की सडकें तकरीबन टूट चुकी है। सडकों की ज्यादा खस्ता हालत निजी कंपनी के केबल की तार बिछाने के कारण हुई है। सड़कों पर गाड़ियों को पास लेना मुश्किल हो गया है। सडक के किनारे लगे हुए डंगो में अभी तक विभाग ने मिट्टी भी नहीं भरी है। जिसके कारण छोटे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। जो हादसों को न्योता दे रहा है। उन्होंने गिरिपार के एकमात्र लोक निर्माण टॉरुं रेस्ट हाउस में आ रही पानी की समस्या और बिजली की समस्या से भी विभाग को अवगत कराया। गौरतलब है कि टॉरुं रेस्ट हाउस में पिछले 15 दिनों से कनेक्शन कट जाने के कारण बिजली नहीं थी। पीने के पानी का अलग कनेक्शन ना होने की वजह से कर्मचारियों को पानी ढो कर लाना पड़ता है। जिस कारण क्षेत्र के लोगों ने रेस्टहाउस व सडकों की दुर्दशा को लेकर लोक निर्माण के मंत्री विक्रमादित्य को शिकायत दी थी। इस मौके पर टॉरु-डण्डा-आंज की प्रधान कमला देवी, नरेन्द्र तोमर, ललित तोमर, अमरीश शर्मा, पंची राम तोमर, ऋ षव प्रवेश आदि लोग शामिल थे। उधर इस मामले में विभाग के एक्सइएन एन के वर्मा ने बताया कि विभाग जल्द से जल्द यहां के लोगों को समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेगा।

# ग्राम पंचायत मनाली में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला रैड क्रास कुल्लू के अंतर्गत भुन्तर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा ग्राम पंचायत मनाली में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।डॉक्टर मीनाक्षी ने कहा कि नशा एक बहुत ही भयंकर बुराई है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है।उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिला व पुरुषों को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है।परियोजना समन्वयक अनिता ठाकुर ने कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। वाहय रोगीयों को निःशुल्क दवाईयां दी जाती है तथा मनोविज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गम्भीर लक्ष्णों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केन्द्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केन्द्र में ईलाज किया जाता है तथा उपचाराधिन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सों की निगरानी में उनके बीपीए तापमान तथा अन्य लैब टैस्ट करवाए जाते है। किसी भी आपात स्थिति में उचित अस्पताल में रैफ र करने की व्यवस्था की गइ है। ईलाज के दौरान मनोचिकित्सक काउंसलर द्वारा व्यक्तिगत परामर्श तथा पारिवार के सदस्यों की परामर्श सुविधाएं दी जा रही हैं। उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाएं जाते है।

## सुकेती खड्ड व नाले में मिट्टी के ढेर लगाने को लेकर किसान उग्र

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी जिला की ग्राम पंचायत चड्डयाल और भड्याल के मध्य गुजरने वाले भडाल नाले को एनएचएआई द्वारा मिट्टी फेंककर बंद कर दिया गया है जिसको लेकर मंगलवार को ग्राम पंचायत चडयाल और भडयाल के लोगों ने आपत्ति जाहिर करते हुए एनएचएआई को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया है । लोगो ने चेतावनी दी है कि अगर 2 दिनों में नाले से मिट्टी के ढेरों को नहीं हटाया गया तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा । कांग्रेस के नेता रवि सिंह चंदेल ने कहा कि लंबे समय से प्रशासन के समक्ष इस मुद्दे को उठाया गया।

# सिरमौर में हाथी के बाद अब सांड की दहशत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
विकासखंड नाहन की विक्रम बाग पंचायत में आवारा सांड का आतंक फैला हुआ है। इसकी दहशत से ग्रामीण पेड़ पर या फि र ऊंची जगह चढकर जान बचाने पर विवश हो रहे हैं। बता दें इसके वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें साफ तौर पर देखा जा रहा है कि एक महिला ने पेड़ पर चढकर जान बचाई।वहीं एक व्यक्ति ने पानी की टंकी पर चढकर जान बचाई। लोगों की माने तो आवारा सांड को लेकर पंचायत के अलावा संबंधित विभाग को बार-बार जानकारी दी गई है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। सांड के आतंक के कारण



बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आवारा सांड द्वारा खेतों को भी तबाह किया जा रहा है। गौरतलब है कि कोलर पंचायत में हाथी द्वारा एक बुजुर्ग महिला को कुचले जाने की घटना के बाद से विक्रम बाग पंचायत में सांड को लेकर दहशत फैली हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि चंद रोज पहले ही एक बुजुर्ग को सांड ने घायल कर दिया था। इसके बाद से सांड का आतंक बदस्तूर जारी है। ग्रामीणों ने कहा कि लोगों को देखकर सांड पीछे भागना शुरू कर देता है।

# चंडीगढ़ में सम्मानित हुए माण्डव्य कला मंच के कलाकार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
35 सालों से प्रदेश की लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्रयासरत रहकर नित नए आयाम अर्जित करने वाली सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मांडव्य कला मंच को चंडीगढ़ के 27 सैक्टर, सनातन धर्म परिसर में अखिल भारतीय प्रवासी हिमाचली संयुक्त मोर्चा द्वारा एक शाम-देवभूमि हिमाचल के नाम समारोह में कला क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। यह वही दल है जिसने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह 2023 में प्रदेश से पहली बार कई प्रतियोगिताओं को पार कर कर्तव्य पथ दिल्ली में और जी 20 में भाग



लेकर नई इबारत लिखी है। इसके अतिरिक्त भी मांडव्य कला मंच के नाम अनेकों उपलब्धियां दर्ज है।35 सालों से लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्यरत इस संस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि 90 के दशक तक आते-आते लुप्त हो चुके मंडी जनपद के प्रधान लोक नृत्य लुड्डी को जीवित करना और इसे पूरे देश में पहचान दिलाना। इसके अतिरिक्त लोकनाच बुढ्ड़ा तथा लोकनाट्य 'बाँठड़ाइ आदि को बचाने व इन्हें संरक्षित करने में अहम भूमिका निभाना। इसके अलावा 'बरीणाइ प्रथा पर आधारित नाटिका 'बसोआ जिस पर अब फि ल्म भी बन चुकी है तथा 'नारसिंह वीर की छायाइ जैसी सत्य कथाओं को भी मंच पर लाने का काम किया है। मंडयाली (नागरीय) नृत्य और मंडयाली गीददा को पृथक पहचान दिलाना, यही नहीं 1998 में पहली बार मंडी के मंडयाली गीतों का संग्रह कर पुस्तक का प्रकाशन और 2008 में मंडी जनपद के पारंपरिक गीतों की ऑडियो कैसेट 'विरासतइ नामक निर्मित कर लोगों को मुफ्त वितरित की जा रही है तथा इसी संदर्भ में सांस्कृतिक एवं संवाद प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन कर जिला व प्रदेश के युवाओं को जागरूक किया जा रहा है।

# गिरिपार में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि, किसानों की फसलें हुई चौपट

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के नौहराधार, हरिपुरधार शिलाई और राजगढ़ क्षेत्र में दो दिनों से जमकर व बारिश हो रही है। गिरिपार क्षेत्र के कई इलाको में भी ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। खराब मौसम के चलते नौहराधार हरिपुरधार का का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम परिवर्तन के साथ क्षेत्र के लोग काफ ी परेशान है जहां आजकल गर्मी का मौसम होता था वहीं आजकल नौहराधार आदि क्षेत्रो मे ठंड का प्रकोप इस कदर है कि लोगो ने अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे



आम जन मानस परेशानियां झेल रहे है उधर नौहराधार क्षेत्र की 16 पंचायतों मे रविवार शाम 6 बजे से सुबह 9 बजे तक बिजली गुल रही सोमवार 9 बजे बिजली जरूर बाहल हुई, मगर दिन भर बिजली की आंख मिचोली का सिलसिला जारी रहा। जिस कारण विभागीय कार्यों में लोगो को दिक्कतो का सामना करना पड़ा। वहीं बिना बिजली लोग ठंड से ठिठुरते रहे। नौहराधार आदि क्षेत्रो मे बारिश के चलते ठंड के प्रभाव के कारण स्थानीय बाजारों मे रौनक गायब रही वहीं चुड चुडधार मे बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हुई। वहीं कई स्थानों पर भारी ओलावृष्टि भी हुई है। गिरिपार में ढाबा चला रहे अमित कुमार ने बताया कि खराब मौसम के बाबजूद भी रोजाना 250 से 300 श्रद्धालु चूड़धार पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को चूड़धार में दिनभर रुक रुक कर बारिश व ओलावृष्टि हुई। अमित के मुताबिक इतनी ठंड के बावजूद लगभग 80 से अधिक श्रद्धालु चूड़धार पहुंचे। खराब मौसम में भी श्रद्धालुओं का आना नहीं रुक रहा चूड़धार में श्रद्धालुओं के लिए खाने पीने व ठहरने की उचित व्यवस्था है। गिरिपार क्षेत्र में पिछले करीब एक सप्ताह से दोपहर बाद रोजाना कही बारिश तो कही ओलावृष्टि हो रही है। रोजाना की बारिश से क्षेत्र के लोग तंग आ चुके है। बेमौसम बारिश से किसानों की फ सलों को भारी नुकसान हो रहा है। कई इलाको में ओलावृष्टि होने से मटर की फ सल पूरी तरह तबाह हो चुकी है। गेहूं व जौ की पकी हुई आधी फसल खेतों में और आधी फसल खलियानों में खराब हो रही है। लहसुन व बीन की फसल भी मिट्टी में मिल गई है। क्षेत्र के किसानों की चिंता इसलिए और अधिक बढ़ गई है कि इस खराब फसलों का मुआवजा देना तो दूर की बात प्रशासन नुकसान का जायजा लेने तक की भी जहमत नहीं उठा रहा है।
उधर अधिसाशी अभियंता बिजली बोर्ड मंडल राजगढ़ नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि नौहराधार के समीप स्कूल के पास एचटी लाइन मे फ ाल्ट आया था। वहीं अखरोट फ ार्म के पास बिजली का खंबा गिरने से खंबा बड़ी लाइन पर गिर गया है जिसके चलते बिजली की आपूर्ति बंद करनी पड़ी। सोमवार को लाइनों को दुरुस्त करने के लिए बार बार कट लगाने पड़े है। इसलिए समस्या आई ऊपर से खराब मौसम के चलते कार्य करने मे दिक्कते पेश आई है।

# बॉलीबाल प्रतियोगिता में कुल्लू की टीम रही विजेता

## फाइनल मुकाबले में अक्षय ब्रदर्ज की टीम को 23-17 से हराया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
कुल्लू जिला मुख्यालय में मनाए जा रहे बसंत उत्सव के दौरान करवाई गई खेलकूद प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल के मैच में करवाए गए जिसमें 14 टीमों ने भाग लिया था जिनके बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए तो वही फ इनल में पहुंची अक्षय ब्रदर्स मनाली और कुल्लू के बीच फ इनल मैच खेला गया जिसमें कुल्लू की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 23-17 के अंतर से अक्षय ब्रदर्ज मनाली की टीम को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम की बॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजक रमन का कहना है कि कुल्लू में भी



बॉलीवुड के बेहतरीन खिलाड़ी है लेकिन ग्राउंड की सुविधा ना होने के चलते यहां पर खिलाडियों को प्रैक्टिस करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसे में उन्होंने जिला प्रशासन से यह मांग रखी है कि बॉलीबाल के लिए इनडोर स्टेडियम बनाए बनाया जाए ताकि खराब मौसम के दौरान भी यहां पर मैच हो सके इस दौरान उन्होंने कहा कि हालांकि यह मैच पिछले कल ही करवाया जाना था लेकिन रात हो जाने के चलते फ इनल मुकाबला नहीं करवाया गया उन्होंने कहा की हालांकि प्रदेश के कई जिलों में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए शाम के समय लाइट का प्रबंध भी होता है लेकिन कुल्लू में लाइट ना होने के चलते यह मैच नहीं करवाया जा सका हालांकि आज भी मौसम खराब था लेकिन बारिश के बीच भी उन्होंने इस मैच को करवाया ऐसे में उन्होंने प्रसाशन से यह मांग रखी है कि यहां पर इनडोर स्टेडियम बनवाया जाए साथ ही शाम के समय मैदान के पास लाइटों को भी लगाया जाए। ताकि देर शाम को भी मैच खेले जा सके।

# अनुराग सिंह ठाकुर की गोद ली पंचायत भलेठ में बनेगा हेलीपैड, बजट की पहली किस्त जारी

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की गोद ली हुई पंचायत डाडला भलेठ में हेलीपैड बनाने का कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है विभाग ने हेलीपैड निर्माण के लिए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है सबसे बड़ी बात यह है कि हेलीपैड निर्माण हेतु बजट की पहली किस्त रू दो करोड विभाग के पास पहुंच चुका है आने वाले दिनों में जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद इसके निर्माण कार्य को शुरू करवा दिया जाएगा बताते चलें कि केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सुजानपुर विधानसभा



क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाडला को गोद लिया है जिसके अंतर्गत उन्होंने यहां हेलीपैड बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से बात करके इस कार्य को धरातल पर उतारने की कोशिश की थी उनके यह प्रयास अब धरातल पर उतर आए हैं।

4.67 करोड़ में निर्माण कार्य होगा पूरा विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई की शुरू आने वाले दिनों में सुजानपुर में अब अपना हेलीपैड होगा हेलीपैड निर्माण के लिए करीब 5 करोड़ की राशि खर्च होनी है निर्माण हेतु डिपॉजिट मनी 2 करोड रुपए विभाग के पास पहुंच गया है जिसके बाद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दी है सप्ताह भर के भीतर टेंडर प्रक्रिया ओपन होगी और संबंधित ठेकेदार को निर्माण करने के लिए मंजूरी प्रदान की जाएगी सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार है वर्तमान में जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कैप्टन रंजीत सिंह मंडल अध्यक्ष विरेंद्र ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रोफेसर विक्रम राणा मंडल मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर भाजपा मंडल सुजानपुर उपाध्यक्ष जगन कटोच अंकुश गुप्ता इंस्पेक्टर पार्षद भाजपा शहरी इकाई सचिव प्रकाश सडि?ाल भाजपा नेता विजय महल सहित तमाम पदाधिकारियों ने केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का सुजानपुर में हेलीपैड निर्माण के लिए बजट प्रावधान करवाने के लिए धन्यवाद किया है। लोक निर्माण विभाग टोनी देवी में कार्यरत एक्शन अरविंद लखन पाल लगाया ग्राम पंचायत दाडला भलेठ में हेलीपैड निर्माण के लिए दो करोड़ रुपए डिपॉजिट मनी आ गई है हेलीपैड निर्माण पर करीब पौने पांच करोड खर्च होंगे टेंडर प्रक्रिया पूरी करवाई जा रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यशाला आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

आश बाल विकास केन्द्र द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र दडका में भुट्टी वृत्त की कार्यकर्ताओ के लिए एक दिन की कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को दिव्यांगता कि पहचान सबंधी जानकारी देना रहा।जिस अवसर पर गजेंद्र ठाकुर सीडीपीओ कुल्लू तथा बनिता जगीत्था पर्यवेक्षक मुख्य रुप से कार्यशाला में उपस्थित रहे उन्होंने महत्पूर्ण जानकारी देने के लिए संस्था का धन्यवाद जताया। बीजू, कार्यक्रम प्रबंधक ने साम्फि या फ उंडेशन द्वारा चलायी जा रही सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला और साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि साम्फि या फ उंडेशन दिव्यंगता के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम चला है जिसके तहत जिला के सभी शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं त्योहारों आदि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने प्रस्तावित हैं। वहीं डा. श्रुति मोरे, निदेशक साम्फिा फाउंडेशन ने सभी को विभिन्न तरह की दिव्यंगता तथा थेरेपी सेवाओं जैसेःफि जियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन के विषय में जानकारी दी। साथ ही दिव्यांगता के प्रकारों के बारे में तथा दिव्यांग बच्चों की पहचान कैसे की जा सकती है के बारे में जानकारी प्रदान की।

# सिविल अस्पताल घुमारवीं में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

8 इस बैठक में स्थानीय विधायक राजेश धमार्णी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**

सिविल अस्पताल घुमारवीं में रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने की तथा इस बैठक में स्थानीय विधायक राजेश धमार्णी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में इस वर्ष प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जो भी प्रस्ताव यहां पर रखे गए हैं उन पर एकमुश्त स्वीकृति नहीं दी जाएगी, बल्कि जिन कामों की जरूरत है तथा लोगों के लिए महत्वपूर्ण है उन पर फोकस किया जाएगा तथा उन्हें पहले किया जाएगा। राजेश धमार्णी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रोगी कल्याण में जो भी पैसा आता है वह लोगों का पैसा है तथा इस का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि यह पैसा जनता के हित में खर्च हो। उन्होने कहा कि कि लोगों को बेहतर सुविधा कैसे मिले इस लिए गैर जरूरी चीजों पर रोगी कल्याण समिति का पैसा नहीं खर्च किया जाएगा। बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी



घुमारवीं पुष्पेंद्र राणा ने बताया कि 2022-23 में कुल 80 लाख रुपए का बजट लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए खर्चा गया।। जबकि आगामी 23-24 वित्त वर्ष के लिए यह बजट बढ़ाकर एक करोड़ कर दिया गया है। जिससे लोगों को आधुनिक व बेहतर सुविधाएं मिलेंगी । वही बैठक के पश्चात राजेश धमार्णी ने पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया तथा कुछ जरूरी निर्देश दिए तथा इन पर जल्दी काम शुरू करने को कहा। अस्पताल में डेंटल में उपयोग होने वाले कमरे को बड़ा करने तथा लोगों के लिए बैठने का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होने नए बन रहे आई पी डी भवन का निरीक्षण किया तथा उपरी मंजिल पर कांफ?ेंस हाल बनाने के आदेश दिये। उन्होने वार्ड में जाकर मरीजों से उनका हाल चाल जाना इस दौरान उन्होने वहां पर मौजूद डाक्टरों को भी मरीजों की सही ढंग से देखभाल करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने वहां पर मौजूद मरीजों को अपना फोन नंबर लिख कर दिए तथा किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर उन्हें सीधे फोन करने के लिए कहा। उन्होने कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर सहन नहीं की जाएगी। उन्होने अस्पताल में कम मरीज होने पर भी हैरानी जताई। इस अवसर पर खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी पुष्पेंद्र राणा, जिला परिषद सदस्य बेलीराम टैगोर, पंचायत समिति सदस्य रवि कौशल, रोगी कल्याण समिति सदस्य पवन चंदेल, राजीव शर्मा, मनोहर लाल व विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे

एसमएल-15

# इंडस में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने यूनिवर्सिटी के प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर उन्हें गोद लेकर संरक्षण का संकल्प लिया। यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉक्टर संजय कुमार बहल ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स के साथ यूनिवर्सिटी परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान कालेज परिसर में कई तरह के पौधे लगाए गए। एनसीसी कैडेट्स ने सबको को पेड़ पौधे लगाने और उसके लाभ बताएं।

# मीडिया कर्मियों पर हमले को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पहली मई को जिला ऊना के रायपुर सहोड़ा में आईओसी प्लांट परिसर में ट्क आपरेटरों के धरने की कवरेज कर रहे उना के पत्रकारों पर किए गए हमले के विरोध में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जनर्लिस्ट व प्रैस क्लब के मंडी के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त मंडी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु को भेजा। यूनियन के अध्यक्ष बीरबल शर्मा व प्रैस क्लब के प्रधान मुरारी शर्मा की अगुवाई में मीडिया कर्मियों ने यह ज्ञापन एडीएम अश्वनी कुमार को सौंपा तथा उनसे आग्रह किया



कि इसे मुख्यमंत्री व सरकार तक पहुंचाया जाए। इस ज्ञापन में ट्क आपरेटरों द्वारा प्रैस क्लब उना के प्रधान सुरेंद्र शर्मा व अन्य मीडिया कर्मियों पर हमला करने की कड़ी निंदा की। मांग की गई कि सरकार हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उनके खिलाफ भादंसं की धारा 307 हत्या करने के प्रयास का मामला दर्ज किया जाए। यह भी चेतावनी दी गई कि यदि सरकारए पुलिस व प्रशासन ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की तो प्रदेश भर के मीडिया कर्मी एक मंच पर आकर पत्रकारों के समर्थन व हमले के विरोध में आंदोलन खड़ा कर देंगे। इसके लिए उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भी आग्रह किया गया है कि वह इस मामले की गंभीरता को समझें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें अन्यथा सरकार व पुलिस प्रशासन को मीडिया कर्मियों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा।



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने परिजनों के साथ नगर निगम शिमला चुनाव के लिए केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय छोटा शिमला में मतदान किया

# सुक्खू सरकार के फैंसले पूर्व में रही सरकारों के फैंसलों की सोच से ऊपर: नागेंद्र गुप्ता

8 मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सत्ता संभालते ही प्रथम फैसले सुख आश्रय योजना से प्रभावित हुए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

सुक्खू सरकार की दूरगामी सोच पूर्व में रही सरकारों से भिन्न है यह बात शिमला निवासी सोशियल एक्टिविस्ट नागेंद्र गुप्ता ने मीडिया से रूबरू होते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सत्ता संभालते ही प्रथम फैसले सुख आश्रय योजना से प्रभावित हुए हैं। सत्ता संभालते ही उन अनाथ बच्चों को सरकार ही माता-पिता का मान सम्मान देकर गोद लिया है। इसके अलावा एकल महिलाओं को भी सहारा दिया है। सोशियल एक्टिविस्ट नागेंद्र गुप्ता ने कहा पार्टी विचारधारा से हटकर कर सुक्खू सरकार के फैसले पूर्व में रही सरकारों के फैसलों की सोच से बहुत ऊपर है। उनकी दूरदर्शिता सोच निश्चित तौर पर इस प्रदेश को शिखर पर ले जाएगी। ऐसी सोच ओपीएस,महिलाओं को 1500 रुपए,किसानों से गोबर खरीदना, 300 यूनिट बिजली फ्री करना जैसी गारंटियों के वायदों से



बहुत ऊपर है। यह गारंटियाँ तो किसी व्यक्ति को कम तो किसी को अधिक लाभ पहुंचाएगी चाहे वो आज पूरी हों या कल। अब सुक्खू सरकार की दूरदर्शी सोच से हर प्रदेशवासियों का भविष्य संवारना तय है। उन्होंने बतौर सोशियल एक्टिविस्ट नगर निगम चुनावों के लिए अपना वोट दूरदर्शी सोच रखने वाली सुक्खू सरकार को देने का कदम उठाया है। वोट किसको देना यह न देना यह सब वोटर पर निर्भर करता है। उन्होंने सभी वोटरों से अपना कीमती मत देने के लिए अपील की थी। अपना पार्षद चुनने में अहम भूमिका निभाएं, क्योंकि एक वोट सही में योग्य निगम पार्षद और शिमला निगम सदन को चुनने में निर्णायक की भूमिका निभाएगी।

# गुरपलाह में 79 के जांचे स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम अस्पताल हर घर हर द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को हरोली क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत बाथू के तहत गुरपलाह पहुंची। जहां पर डॉक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने 79 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इसके अलावा 28 लोगों की रक्त जांच की। इसमें बीपी के 9, शुगर के 6 व जोड़ो के दर्द के 13 लोग मिले। शिविर के दौरान मरीजों को निशुल्क दवाईयों के साथ-साथ उपचार सलाह दी गई।

# भारत विश्व गुरु था, विश्वगुरू है और विश्वगुरु ही रहेगा : गोविंद ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला मंडी के पंडोह में विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया बैठक विश्व हिंदू परिषद प्रखंड के अध्यक्ष विजय शर्मा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रांत संपर्क प्रमुख गोविंद ठाकुर ने शिरकत की। बैठक को सम्बोधित करते हुए गोविंद ठाकुर ने कहा कि भारत पहले भी विश्व गुरु था और आगे भी वह समय जल्दी आने वाला है। जब भी हिन्दू संगठित हुआ है,देश सुरक्षित हुआ है और विश्व गुरु बना है। सारा विश्व जहां



भारत को बाजार समझता है तो वहीं एक हमारी ही संस्कृति है जो इसे परिवार समझती है। पूरा विश्व हमारे लिए एक परिवार है। विश्व में हिंदू समाज सुरक्षित और संगठित रहे इसी उद्धेश्य के साथ विश्व हिंदू परिषद कार्य करती है। वर्तमान में विश्व हिंदू परिषद के साथ जुड़े हुए लोगों से धर्म अर्पण निधि के कार्यक्रम पूरे हिमाचल में कर रही है। धर्म रक्षा अर्पण निधि से जो भी धन इक्ा होता है वह समाज के कल्याण के लिए खर्च किया जाता है। इस निधि से जहां गरीब बच्चों की पढ़ाई होती है तो वही गौ सदन और धर्म रक्षा के लिए धन खर्च किया जाता है। विश्व हिंदू परिषद अहिंसा में विश्वास रखती है और जो कोई भी सनातन संस्कृति को खंडित करने की कोशिश करें उसे जवाब देना भी जानती है। कुछ कथा कथित लोगों का एक एजेंडा है कि वह सनातन संस्कृति पर दुष्प्रचार करते है और हिंदू धर्म को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं मगर वह अपने इस मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। इस अवसर पर महंत सीताराम बाबा, जिला मंडी के अध्यक्ष अनुपम टंडन, विश्व हिंदू परिषद जिला संपर्क प्रमुख कमल शर्मा, बल्ह प्रखंड के मंत्री लहर सिंह ठाकुर, वैभव ठाकुर, विजय शर्मा, चेतन ठाकुर, पवन ठाकुर, दिशांत, सुनील कुमार, होशियार सिंह, चेतन प्रकाश, सौरभ गुलेरिया, नीरज शर्मा, प्रवीण कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर परसौरभ गुलेरिया को बजरंग दल की पंडोह प्रखंड की कमान दी गयी।

# 23 से 25 जून तक मनाया जाएगा माँ शूलिनी मेला, मेले में होगी महिला मंडलों की रस्सा-कशी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

सोलन जिला का राज्य स्तरीय माँ शुलिनी मेला 23 जून से 25 जून तक आयोजित होने जा रहा है इसको लेकर आज एक बैठक डीसी कार्यालय सोलन में डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में की गई है मेले की खास बात यह रहेगी कि इस बार मेले में पहली बार विभिन्न महिला मंडल की रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेलाए सोलन जिला सहित सिरमौर और शिमला एवं आस.पास के क्षेत्रों के लिए विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि यह मेला इस वर्ष न केवल पारम्परिक रूप से और बेहतर हो अपितु अपने आयोजन में पूर्ण रूप से सफल रहे। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी सरकारी व गैर.सरकारी सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

महिलाओं की भागीदारी पर दिया जाएगा अधिक बल

उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेला में समाज के सभी वर्गों विशेषकर महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी पर बल दिया जाएगा। मेले में इस वर्ष पहली बार विभिन्न महिला मंडलों की रस्सा-कशी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन ऐतिहासिक ठोडो मैदान में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता



के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।विभिन्न प्रतियोगिताओं का करवाया जाएगा आयोजन

मनमोहन शर्मा ने कहा कि मेला में नशा निवारण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और अन्य समसामायिक विषयों के माध्यम से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर युवा पीढ़ी को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेला अवधि में नशा निवारण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता इत्यादि विषयों पर जन साधारण के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय मेले में जगह-जगह आयोजित किए जाने वाले भण्डारों के लिए उपमण्डलाधिकारी सोलन से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

सीसीटीवी कैमरे किए जाएंगे स्थापित

मनमोहन शर्मा ने कहा कि मेला अवधि में कानून एवं व्यवस्था तथा यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए जिला पुलिस निर्धारित योजना के अनुसार कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा से नज? रखी जाएगी। उन्होंने मेले में स्थापित किए जाने वाले झूलों इत्यादि की नियमित सुरक्षा जांच के निर्देश भी दिए।

मेले में बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उचित सुरक्षा का रखा जाएगा ध्यान

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि मेला अवधि में भीड़ नियंत्रित करने के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा और इस कार्य के लिए तैनात अधिकारी एवं पुलिस बल पूर्व निर्धारित योजना का पालन सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने मेला अवधि में बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उचित सुरक्षा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले के दौरान किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां रखने के निर्देश भी दिए।

ट्रैफि क व्यवस्था रहेगी सुचारू

उन्होंने कहा कि मेला अवधि में रोगी वाहन इत्यादि के निकलने के लिए सम्पर्क मार्ग खुले रखे जाएं और चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मी पूर्व की भांति तैनात रहें। मनमोहन शर्मा ने कहा कि श्वान प्रदर्शनी में श्वान मालिकों को श्वान पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुष्प प्रदर्शनी में सोलन शहर के निवासियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

